तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 मार्कफेड के दो संग्रहण केंद्रों में खुले आसमान के नीचे 6 महीनों से पड़ा है करोड़ों का धान



## शहर के ओड़गी तिराहा से सागरपुर मार्ग जर्जर, राहगीर त्रस्त

# झुमका वोट क्लब की सड़क पर मौत के गड्ढे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय की सड़कों की हालत चीख-चीख कर अपनी दुर्गति बयां कर रही है। बारिश के मौसम में जहां सड़कों की मरम्मत होनी चाहिए थी, वहां आज गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। शहर से लेकर पर्यटन स्थल और प्रशासनिक अफसरों के घर तक जाने वाले मार्गों की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि अब ये सड़के सुविधा नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही हैं। आम जनता, वाहन चालक, श्रद्धालु, पर्यटक हर कोई त्रस्त है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी बेपरवाह बने हुए हैं।

सागरपुर झुमका वोट क्लब सहित आसपास के क्षेत्रों की सड़कें अब आम जनता के लिए परेशानी ही नहीं, बल्कि जानलेवा बन चुकी हैं। लगातार बारिश और समय-समय पर मरम्मत न होने के कारण सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन चुके हैं। आलम यह है कि कई मार्गों पर वाहन चलाना तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम से भरा हो गया है। ओड़गी नाका से ओड़गी-सागरपुर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह से गड्ढों से पट चुका है। बारिश में इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़कों का अस्तित्व ही मिट जाता है और हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग ना सिर्फ आम जनता, बल्कि प्रशासनिक अफसरों के लिए भी संपर्क मार्ग है, बावजूद इसके मरम्मत नहीं की गई।



झुमका रोड के सड़क में बने जानलेवा गड्ढे।

### पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले रास्ते भी टूटे-फूटे

पर्यटन विकास पर लाखों खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्ग उपेक्षा के शिकार हैं। झुमका वोट क्लब और रमदईया धाम जैसे लोकप्रिय स्थलों तक जाने वाले रास्ते बेहद खराब हो चुके हैं। झुमका के लिए जाने वाला ओड़गी मार्ग और रमदईया धाम के लिए चेर से जाने वाला रास्ता कई किमी तक गड्ढों से भरा है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक दोनों परेशान हैं।



### कलेक्टर निवास पहुंच मार्ग भी उपेक्षित

शहर की सबसे विडंबनात्मक स्थिति यह है कि कलेक्टर निवास तक जाने वाला मार्ग भी बुरी तरह से जर्जर हो चुका है। यह मार्ग ओड़गी तिराहा से होकर गुजरता है। जिले की प्रमुख सड़कों की इस दयनीय स्थिति को देखते हुए लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द इस पर ध्यान देगा। यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं और जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है।

### झुमका और रमदईया धाम की राह भी बदहाल

पर्यटन विकास पर लाखों रूपए खर्च करने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि झुमका वोट क्लब और रमदईया धाम तक पहुंचने वाले मुख्य मार्गों की हालत अत्यंत खराब है। यह सड़कें गड्ढों और कीचड़ से भरी पड़ी हैं, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## मिशन शक्ति एचयूबी ने बढ़ाया महिलाओं का आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



भारत सरकार की बहुप्रशंसित योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण मिशन शक्ति (एचयूबी) द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर 11 जुलाई को जिले की मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, खड़गवां और जनकपुर परियोजनाओं में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को बढ़ती जनसंख्या दर के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और परिवार नियोजन, महिला शिक्षा व सशक्तिकरण के संदेश को व्यापक रूप से फैलाना था। शिविरों का आयोजन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का समन्वय जिला मिशन समन्वयक (मिशन शक्ति एचयूबी) श्रीमती तारा कुशवाहा द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी परियोजनाओं में उत्कृष्ट संचालन और मार्गदर्शन प्रदान किया। मनेन्द्रगढ़ परियोजना में आयोजित शिविर में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव सहित मुकेश अग्रवाल, अजय जायसवाल, काशी प्रसाद, सुनैना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, उर्मिला जायसवाल, माया सोनकर, नीलू जायसवाल, हुसैना बेगम और शांता जायसवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सुमन सिंह की भूमिका सराहनीय रही। वहीं खड़गवां परियोजना में कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों और सरपंचों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## बाइक चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



जिले के थाना क्षेत्र में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चरचा थानांतर्गत मोटर साइकिल चोरी के एक मामले में पुलिस ने आरोपी गुललार अहमद को गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइक बरामद कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को प्रार्थी अभयकांत पिता मुंशी राम उम्र 40 वर्ष निवासी पश्चिमी नेपाल गेट चरचा, थाना चरचा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 3 अप्रैल की रात करीब 8 बजे उसने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक बीआर 26 सी 6177 को अपने घर के सामने खड़ा किया था, जिसे अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान संदेहियों से लगातार पूछताछ की जा रही थी, इसी बीच पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति उक्त चोरी की बाइक को छठघाट की ओर ले जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी की गई, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम गुललार अहमद पिता मोहम्मद कलीम उम्र 26 वर्ष निवासी कॉपरेटिव लाइन चरचा बताया। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार ⏭ शेष पेज 4 पर

## अवैध रेत परिवहन करते 6 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश पर तथा पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला खनिज उड़नदस्ता दल एवं पुलिस विभाग ने 8 और 9 जुलाई को झगराखंड, तेन्दुदंड और भल्लौर क्षेत्रों में बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत एवं गिट्टी के अवैध परिवहन में लिप्त छह वाहनों को जब्त किया है।

इस संयुक्त दल ने हसदेव एवं हसिया नदी क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर झगराखंड क्षेत्र से 4 ट्रैक्टर और 1 टिप्पर तथा भल्लौर क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर वाहन को अवैध परिवहन में संलिप्त पाते हुए जब्त किया। जब्त वाहनों में से एक ट्रैक्टर वाहन को कलेक्टोरेट परिसर में तथा शेष पांच वाहनों को झगराखंड थाने में सुरक्षार्थ रखा गया है। सभी छह वाहनों के विरूद्ध खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की गई है, इसके अतिरिक्त ग्राम बिछियाटोला में शिशुपाल पनिका के नाम से स्वीकृत खनिज रेत अस्थायी भंडारण अनुज्ञा की शर्तों के उल्लंघन पर छग खनिज (खनन, परिवहन तथा भंडारण) नियम 2009 के उपनियम 7(4) के तहत कार्रवाई करते हुए 50,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया, जिसे खनिज मद में जमा कराया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 जून से 15 अक्टूबर तक राज्य में रेत खनन पूर्णतः प्रतिबंधित है।



जब्त ट्रैक्टर।

### वनांचल में शिक्षकों की हुई नियुक्ति

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सोनहत व बैकुंठपुर विकासखंडों के प्राथमिक, माध्यमिक और हाई स्कूलों में विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति के बाद न केवल शैक्षणिक माहौल में सुधार हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के अंतर्गत विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और अंग्रेजी जैसे विषयों के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार अब प्रत्येक विषय के लिए समुचित रूप से प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। छात्र-छात्राएं अब सभी विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से कक्षा में ही प्राप्त कर पा रहे हैं और बाहरी ट्यूशन पर निर्भरता कम हो गई है।

## चैनपुर में बनेगा जवाहर नवोदय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़ अब स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रहा है। क्षेत्रवासियों के लिए एक और बड़ी सौगात के रूप में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

चैनपुर में इस विद्यालय के लिए 11.8 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। उनके नेतृत्व में मनेन्द्रगढ़ को पहले ही मेडिकल कॉलेज जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधा मिल चुकी है और अब शिक्षा के क्षेत्र में भी नई क्रांति की शुरूआत हो रही है।



■ अब शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति की शुरूआत: श्याम बिहारी

जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना से अब जिले के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने ही जिले में मिल सकेगी। उन्हें उच्च स्तर की पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे अभिभावकों की चिंता भी कम होगी और विद्यार्थियों का समग्र विकास संभव होगा। यह कदम मनेन्द्रगढ़ क्षेत्र के शैक्षणिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले वर्षों में यहां की नई पीढ़ी को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा।

### ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुईं विधायक रेणुका

# लक्ष्य तय कर विद्यार्थी अपनी पढ़ाई करें



अतिथियों को स्मृति चिन्ह देते अधिकारी।




बच्चों के साथ विधायक रेणुका सिंह।

**बैकुंठपुर।** प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का प्रथम गुरू मां होती है, जिनसे हम संस्कार की शिक्षा प्राप्त करते हैं, इसके बाद विद्यालय के शिक्षक हमारे भविष्य को गढ़ते हैं, इसलिए माता-पिता एवं अपने गुरूजन का हमेशा सम्मान करना चाहिए।

उक्त विचार सोनहत जनपद अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने उपस्थित विद्यालयीन बच्चों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके पूर्व जब अतिथियों का विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर एवं तिलक लगाकर मुख्य अतिथि एवं अन्य आगंतुक अतिथियों का ⏭ शेष पेज 4 पर

### छत्तीसगढ़ी गीत पर नृत्य ने बांधा समा

शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर अतिथियों के समक्ष छोटी बालिकाओं ने तीतली नृत्य कर सबको अपनी ओर आकर्षित किया, वहीं हायर सेकेंडरी स्कूल सुंदरपुर के छात्र-छात्राओं के द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत पर बेहतरी एवं आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। इस मौके पर सुंदरपुर के विद्यार्थियों ने पानी बचाने को लेकर जिला प्रशासन के पहल आवा पानी झोंकी थीम पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी।




खबर संक्षेप

### फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर प्राचार्य की नौकरी


**मनेन्द्रगढ़।** जिले के पूर्व जिला पंचायत सदस्य दूगपाल सिंह ने कलेक्टर एमसीबी के नाम पर जनदर्शन में आवेदन देकर एक प्राचार्य के द्वारा फर्जी तरीके से निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने के संबंध में जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन पत्र के साथ कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत का आदेश भी संलग्न किया है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य दूगपाल सिंह ने आवेदन पत्र में लेख किया है।

### जमगहना में चला पौधरोपण अभियान

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगहना के परिसर में शनिवार को शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां केक नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, पालकों-अभिभावकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं पौधों के संरक्षण व संर्वधन के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जमगहना की सरपंच श्रीमती दीपा सिंह, उप सरपंच संतोष देवांगन सचिव विजय जायसवाल, रोजगार सहायक जय प्रकाश, प्राचार्य पीसी यादव एवं सभी शिक्षकगण, पालक, एसएमडीसी सदस्यों एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जंगल में मिली व्यक्ति की अर्द्धजली लाश

**बैकुण्ठपुर।** जिले के कटगोड़ी से नगर रोड पर परेवा घाट के पास सड़क किनारे जंगल में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की अर्द्धजली लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखने पर प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक के बाएं हाथ में घड़ी पहने हुए था और शरीर पर ओम का गोदना (टैटू) भी चिन्हित किया गया है। शव की पहचान सोनहत थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़पारा निवासी जयप्रकाश टोप्पो पिता सोमवार साय टोप्पो उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है।



### पंचायत भवन में चोरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र के पतरापाली पंचायत भवन में बीती रात हुई चोरी की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रूपए के चोरी गए सामान बरामद किए हैं। थाना प्रभारी बैकुंठपुर ने बताया कि 8 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने पतरापाली पंचायत भवन का ताला तोड़कर अंदर रखे कम्प्यूटर, प्रिंटर, जीईओ फाइबर वायरिंग सिस्टम, एलईडी बल्ब और राशन सामग्री (चावल, दाल, तेल, नमक) की चोरी कर ली थी। इस घटना की लिखित शिकायत ग्राम सचिव उर्मिला बाई द्वारा 9 जुलाई को की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम है। इनमें पृथ्वीराज उर्फ पुन्नु सोनपाकर उम्र 26 वर्ष निवासी जूनापारा बहिमनडाडं, सत्यं कुर्रे उम्र 20 वर्ष निवासी छोटे झूमरपारा, रोशन कुमार उम्र 20 वर्ष निवासी छोटे झूमरपारा तीनों आरोपियों के पास से चोरी गया सारा सामान बरामद कर लिया गया है।



# राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

ग्लोबल आइकन बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।



## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



# पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



# द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

## टीवी मसाला




# 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को



पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'

# शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक



अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।

# आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

## आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

# दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।

## खबर संक्षेप



### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रांजल किए गए सम्मानित

**बलरामपुर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ताइक्वांडो (मार्शल आर्ट) प्रशिक्षक प्रांजल सिंह को साल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रांजल बलरामपुर जिले के पहले राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने निरंतर अपनी मेहनत से दो बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल किया है और राज्य सहित जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर प्रांजल ने सिंह ने बताया कि इस उम्र में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु के रूप में सम्मान पाना ये बड़ी सौभाग्य की बात है। वहीं कार्यक्रम के दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर अलग-अलग विधाओं में गुरुओं का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल, बाल कृष्ण पाठक, बिहारी पाल, बंसीधर गुप्ता, दीनानाथ यादव, दिलीप सोनी, सत्य प्रकाश सिंह, कोदूराम द्विवेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता, कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना लाल चौधरी एवं भानु प्रकाश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर शिक्षक सहित पुजारी वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान



**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के मार्गदर्शन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संभाग प्रभारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा नगर के वयोवृद्धि सेवानिवृत शिक्षक धनंजय पाठक सहित मंदिर के पुजारी एवं गायत्री परिवार से जुड़े वरिष्ठ जनों के घर जाकर शाल श्रीफल देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म की संस्कृति है। सनातन संस्कृति में आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। हमारे धर्म ग्रंथो में गुरु में गु का अर्थ अंधकार या अज्ञान और रु का अर्थ प्रकाश अर्थात अज्ञान को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को गुरु कहा जाता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर पुरोहित नंदकुमार पांडे, प्राचीन राम मंदिर के पुजारी यशपाल दुबे, पहाड़ी मंदिर के पुजारी पवन पांडे, गायत्री परिवार के टीआर शर्मा के घर जाकर शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद मुकेश जायसवाल, पार्षद सुमित गुप्ता, अंकित गुप्ता, अनूप कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने गुरु पूर्णिमा पर गुरु पथ प्रदर्शक का किया सम्मान



**प्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती योगेंद्र सिंह, मुकेश, प्रेमपाल अग्रवाल, अक्षय तिवारी, अंबिका जायसवाल ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष धूप दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर आमंत्रित गुरुजनों एवं समाज के पथ प्रदर्शक प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया। साथ ही गुरुजनों एवं वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुरेंद्रनाथ तिवारी, रामानंद ओझा, शैलेंद्र सिंह, अशोक राम, नक्षत्र तिवारी, कृष्ण मुरारी शुक्ला, प्रेमपाल अग्रवाल, राजेंद्र जायसवाल, मोहन पांडे, आनंद मित्तल, आशुतोष जायसवाल, कृष्ण सोनी को सम्मानित किया गया। इस दौरान अवधेश पांडे, आनंद शुक्ला, श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता, सूर्यदेव जायसवाल, नंदा यादव, श्रीमती सीता पैकरा, अरविंद जायसवाल, श्रीमती राधा सिंह, लालमेंन, सौरभ देवांगन, विक्रम नामदेव, अंकुर जायसवाल, आर्यन दुबे, संतोष रजक, सोनू शर्मा, योगेंद्र सिंह, अजय सिंह, बुधराम देवांगन,धर्मेंद्र, अभिषेक कुशवाहा, आयुष वर्मा अक्षय कुमार रवि एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 25 हजार से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबान का सड़क पर किया उपचार

# गौ सेवा मंडल ने आठ वर्ष में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से किया 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू



गौशाला में चारा खिलाते टीम के सदस्य।



गौ-भण्डारा में पशुओं चारा देते सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में कुछ साल के भीतर ही सड़क दुर्घटना में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कुछ तो वाहन चालक की लापरवाही से जबकि अधिकांश सड़क दुर्घटना में आवारा मवेशियों व घुमंतू जानवरों के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में गाय, भैंस बछड़े सहित अन्य घुमंतू जानवर घायल हो जाते है ऐसे में समय पर उपचार नहीं मिलने से उनकी मौत हो जाती है। ऐसे में किसी बेजुबान की जान न जाए और समय पर उपचार मिले इसके लिए शहर के कुछ युवाओं ने न सिर्फ बीड़ा उठाया बल्कि पिछले आठ साल के भीतर ही घायल 12 हजार से अधिक गौवंश सहित बेजुबानों का रेस्क्यू किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया।

**खास बात**

- जिले में गौ सेवा मंडल ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

गौ सेवा मंडल सरगुजा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर संभाग में पहली बार गौ भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा पूरे शहर में आवारा पशुओं को घूम घूम कर हरा चारा खिलाया। गौ सेवा मंडल टीम पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि इन आठ साल के भीतर ही मंडल की टीम ने लगभग 12 हाजर से अधिक गौवंश व अन्य बेजुबानों का रेस्क्यू किया। इसके अलावा कुआं, सेफ़्टी टैंक, गड्ढे, दलदल, नाला में गिरे मवेशियों का मौके पर जाकर उनका उपचार किया। साथ ही 25 हजार गौवंश व अन्य बेजुबानों को सड़क पर ही इलाज कर ठीक करने का कार्य किया गया। मंडल की टीम ने वहां जाकर गौवंशों का रेस्क्यू किया है जहां आम लोगों का जाना तो दूर लोग दूर से ही भाग जाते है ऐसे सेफ्टी टैंक जो उपयोग में है उसमें से गौवंश को निकालकर सुरक्षित करने का काम किया है। इसके अलावा जब पूरा देश कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के संकट में था तब लोग अपने घरों से निकलने से डरते थे। उस समय भी गौ सेवा मंडल टीम की सेवा जारी रही। साथ ही मंडल के सदस्यों ने पहल किया कि इंसान का तो पेट भरने के लिए कई संस्था कार्य कर रही है किन्तु शहर में आवारा पशु गाय व कुत्ता भुखमरी के शिकार न हो जाए इसके लिए टीम बनाकर शहर के आवारा पशुओं गाय, कुत्ता, बिल्ली को विभिन्न मार्गों में घुम घुमकर चारा व बिस्किट खिलाने का कार्य किया। आज गौ सेवा मंडल की टीम शहर के घूम घूम कर गौ भंडारा का आयोजन किया और मुख्य मार्ग सहित सड़क पर बैठे मवेशियों को हरा सब्जी सहित फल खिलाया।

### गौवंशों को लगाया रेडियम बेल्ट

गौ सेवा मंडल की टीम द्वारा समय समय पर गौवंशो को रेडियम बैल्ट बांधने का कार्य किया है। यह रेडियम बैल्ट रात्रि के समय चमकता है जिससे सड़क पर बैठे गौवंश दूर से ही दिखाई दे देते है जिससे दुर्घटनाओं में कमी आती हैं। इसके अलावा गर्मियों के मौसम में शहर के मुख्य मार्गो व चौक चौराहों जहां पर गौवंश समूह में रहते है वहां पर नाद रखवाया गया जिससे पशुओं को गर्मी के दिनों में पानी की कमी से मृत्यु न हो। साथ ही ऐसी व्यवस्था करने के लिए लोगों को जागरूक किया गया जिससे आवारा पशुओं हेतु पानी व चारे की व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

#### पशुपालकों पर की कार्रवाई की मांग

गौ सेवा मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने ऐसे पशु पालकों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की जो अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है। गौ सेवा मंडल के सदस्यों का कहना है कि शहर के लोगों द्वारा तो मवेशी पाल लिया जाता है परंतु मवेशी के दूध नहीं देने व उसके चारे में खर्च हो रहे रुपए से बचने के लिए अपने मवेशियों को खुला छोड़ देते है जिससे शहर में आवारा मवेशियों की संख्या में वृद्धि हुई है। मंडल के सदस्यों का कहना है कि पूर्व में कई बार नगर निगम को आवारा मवेशियों तथा मवेशियों मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी। ऐसे में शहर का मुख्य मार्ग हो या राष्ट्रीय राजमार्ग हमेशा मवेशियों का झुंड अचानक सड़क पर आ जोते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

# दिनेश झा बने सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को शासन ने स्कूल शिक्षा विभाग में बड़े पैमान पर फेर बदल किया है। शासन द्वारा जारी आदेश में सरगुजा जिले के डीईओ समेत कई अधिकारियों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

जारी आदेश में जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा अशोक कुमार सिन्हा को उप संचालक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग की जिम्मेदारी दी गई है जबकि प्रभारी संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को संभाग से हटाकर उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय भेज दिया गया है। जबकि दिनेश कुमार झा को अपर संचालक परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान से डीईओ सरगुजा बनाया गया है।

- शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों के तबादले, वापस ली गई प्रतिनियुक्ति

इसी तरह बीईओ ओडगी राजीव कुमार सिंह को प्रतिनियुक्ति पर डाईट व्याख्याता कोरिया भेजा गया है। आलोक कुमार सिंह को एबीईओ ओडगी को एबीईओ लखनपुर बनाया गया है। अनिल कुमार अग्रवाल प्राचार्य शासकीय उमावि कतकालो को सहायक संचालक कार्यालय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग सरगुजा भेजा गया है। इसी तरह मनीष कुमार को एबीईओ वाड्रफनगर से प्रभारी बीईओ लुंड्रा, अरुण कुमार वर्मा प्रभारी बीईओ लुंद्र से सहायक प्राध्यापक डाईट बनाया गया है। रवि शंकर तिवारी को डीएमसी सरगुजा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता गणित शा उमावि कुन्नी, रवि शंकर पाण्डेय एपीओ समग्र शिक्षा से प्रतिनियुक्ति वापस लेते हुए व्याख्याता अंग्रेजी उमावि करकोमा कोरबा भेजा गया है। सुनील तिवारी शासकीय हाई स्कूल रजपुरी कला लखनपुर को एपीओ समग्र शिक्षा सरगुजा बनाया गया है। गोपाल कृष्ण दुबे बीईओ कार्यालय सरगुजा से बीईओ कार्यालय मनेद्रगढ़ भेजा है। इसी तरह गिरीश गुप्ता प्राचार्य लावलीहुड को व्याख्याता भूगोल के पद पर शाउमावि घुडदेवा कटघोरा भेजा गया है। इसके साथ ही सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कई अन्य शिक्षकों के स्थानान्तरण आदेश जारी किए गए है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली गई रैली



**अंबिकापुर।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास विभाग व मिशन शक्ति अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केंद्र द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर में जनसंख्या दिवस पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान शाला के प्राचार्य एलके गुप्ता व अन्य शिक्षक, मिशन शक्ति से जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, जेंडर विशेषज्ञ नीलमणि एक्का, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ नेहा सिंह राजपूत व कार्यालय सहायक स्वेता ठाकुर उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मियों ने जान पर खेलकर बचाई उफनती नदी में बह रहे युवक की जान



**प्रतापपुर।** उफनती नदी में बह रहे युवक न सिर्फ जिंदगी और मौत से जूझ रहा था बल्कि उसने बचने की पानी के तेज बहाव से बचने की उम्मीद ही छोड़ दे दी। इसी प्रतापपुर थाने में पदस्थ आरक्षक न सिर्फ फरीसता बन कर आया बल्कि अपनी जान का परवाह किए बगैर ही उफनती नदी से युवक को बचाकर बाहर निकाल लिया। आरक्षक ने बाकी नदी में डूब रहे ग्रामीण की जान बचाकर मानवता नहीं बल के पूरे पुलिस विभाग को गौरवान्वित किया।

प्रतापपुर क्षेत्र में लगातार 15 घंटे से बारिश होने के कारण जहां नदी नाला उफान पर है। इसी बीच ग्राम जगन्नाथपुर निवासी विनय गुप्ता आ. साहेश टोप्पो (18 वर्ष) उफनती बाकी नदी में अचानक बहने लगा। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक पूरी तरह से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था। इधर घटना की सूचना पर पुलिस मोके पर पहुंची रस्सी फेंक कर युवक को रोकने का प्रयास किया लेकिन पुल की ऊंचाई लगभग 50 फीट होने के कारण वह रस्सी को पकड़ नहीं सका। जिस पर पानी के तेज बहाव मे युवक बहता रहा और उसके पीछे नदी के किनारे किनारे पुलिस दौड़ती रही और साथ में ग्रामीण दौड़ते रहे। इस बीच जान जोखिम में डालकर प्रधान आरक्षक बिनोद परीड़ा, कांस्टेबल जयप्रकाश पन्ना द्वारा नदी में बचाने उतरे जबकि एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक विनोद परीड़ा. रविशंकर चौबे.आरक्षक चालक जय प्रकाश पन्ना, अमर साय. सत्यनारायण तथा ग्राम गोटागांव के ग्रामीणों द्वारा 2 घंटा के कड़े मशक्कत के बाद युवक को नदी से बाहर निकालने में सफल हो सके। पुलिसकर्मियों ने युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जहां युवक का उपचार चल रहा है।

#### तीन किमी तक बह गया था युवक

बाकी नदी से बहता हुआ युवक लगभग 3 किलोमीटर तक पानी में कचरा और पेड़ के डंगाल के सहारे बह गया था। युवक को उफनती नदी में बहता देख ग्रामीणों ने प्रतापपुर पुलिस को फोन कर सूचना दी। सूचना पर पुलिस में तत्परता दिखाते हुए जगह-जगह अपना आदमी अलर्ट कर दिया और खुद रेस्क्यू को अंजाम दिया। पुलिस ने बताया कि परिजन के अनुसार तीन दिन से विनय घर नहीं लौटा था और आज इस स्थिति में पानी में बहते हुए उसे देखा गया। आखिर वह पानी में कैसे बह रहा था यह बात स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजन ने बताया कि तीन दिन से घर से निकला युवक की काफी खोजबीन किया गया था और आज ऐसी स्थिति में मिला।

### ग्राम हर्राटिकरा स्थित घुनघुट्टा नदी में मिला लापता अधेड़ ग्रामीण का शव

**बिश्रामपुर।** सादू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकले अधेड़ ग्रामीण का शव आज शुक्रवार को हर्राटिकरा के चिटकीपारा स्थित घुनघुट्टा नदी में तैरता हुआ पाया गया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि लखनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुहपुटरा निवासी 58 वर्षीय बली राम गोंड पिता स्व.बालबोध गोंड पिछले दिनों 8 जुलाई को घर से सादू के घर दर्रीपारा जाने की बात कहकर घर से निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा।

### जनजाति गौरव समाज ने मनाई राजमोहिनी की जयंती, संस्कृति संरक्षण पर दिया जोर

**अम्बिकापुर।** जनजाति गौरव समाज, पद्मश्री माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था, संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय और शासकीय मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में माता राजमोहिनी देवी की जन्म जयंती समारोह आयोजित किया गया। वहीं शिविर के बाद रक्तदान किया गया।

जनजाति गौरव समाज के प्रदेश महामंत्री रामलखन सिंह पैकरा ने माता राजमोहिनी देवी और समाज के योगदान पर प्रकाश डाला। माता राजमोहिनी देवी सेवा संस्था के महामंत्री अमित सिंह मरावी ने माताजी के नशा मुक्ति, धर्मांतरण रोकथाम, छुआछूत उन्मूलन, शिक्षा, जल प्रबंधन, सनातन धर्म, संस्कृति, और परंपराओं के संरक्षण हेतु गांव-गांव पदयात्रा कर समाज को राष्ट्रीय मुख्यधारा से जोड़ने के कार्यों का विस्तार से उल्लेख किया। सरगुजा विश्वविद्यालय की कुलसचिव एसपी त्रिपाठी ने प्राचीन शिक्षा पद्धति, जड़ी-बूटी चिकित्सा, और जनजाति परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह अजय मिश्रा ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना के साथ जनजाति समाज के उत्थान की बात कही।

डॉ. बी.आर. सिंह ने सामाजिक बुराइयों, अंधविश्वास, और वैज्ञानिक युग में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति पर बल दिया। जनजाति गौरव समाज के संभागीय अध्यक्ष परमेश्वर सिंह मरकाम ने विदेशी संगठनों द्वारा समाज को बांटने के षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने और शिक्षा, स्वास्थ्य, व आर्थिक उन्नति के लिए प्रतिस्पर्धा करने की आवश्यकता बताई।

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh

Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit - 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
|---|---|
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST

QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable: 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसें। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
Note: Preference to Chhattisgarh domicile candidates
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

LCIT COLLEGE OF COMMERCE AND SCIENCE
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
APPROVED BY
swayam
Choose The Best
CHOOSE LCIT



WHY CHOOSE US !
SCHOLARSHIPS
SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
PLACEMENTS
TRANSPORT FACILITY
Well Equipped Lab
Lush Green Campus
Sports
Moot Court
Distinguished Faculty
E-Content Provided
PGDCA
Eligibility Any Graduate
1 Year Academic Programme
LAUNCHING SOON
BBA.LL.B. &
M.Sc. Biotechnology
Grab Your Seat in
BA & LLM
• Government Scholarships • Placement Facility • Experienced Faculty
• Educational / Industrial Visit • Well Equipped Labs • Book Bank Facility
• LCIT 'शत प्रतिशत संकल्प' Scholarship
B.Sc.(Hons') B.Com(Hons') BA(Hons')
BCA(Hons') BBA(Hons') M.Sc.
M.Com. M.A. LAW
Contact Us
Science : 9827875752 Commerce : 7566666785
Law : 7000256175 Arts : 9109730890
APPLY NOW





www.lcit.edu.in

## खबर संक्षेप

### मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव



**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे मलेरिया, डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगरपालिका द्वारा वार्ड के विभिन्न स्थानों और घरों में फॉगिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। वार्ड पार्षद अंकित गुप्ता (लवि) के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसमें नगर के संवेदनशील इलाकों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी। पार्षद ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास पानी न जमने दें और स्वच्छता बनाए रखें, जिससे मच्छरों को पनपने से रोका जा सके।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की कार्यकारिणी बैठक



**बैकुण्ठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया की जिला कार्यकारिणी सह स्काउटर-गाइडर की महत्वपूर्ण बैठक 10 जुलाई को विश्रामगृह बैकुंठपुर के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेश पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई, इसके पश्चात स्काउट प्रार्थना के माध्यम से बैठक का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) नागेश्वर साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा स्पष्ट की। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख पदाधिकारी जिला सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े, जिला कोषाध्यक्ष रवि कुमार पाण्डेय, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड विजय कुजूर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील बड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड निशा खान, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिवप्रताप सिंह, विकासखंड सचिव सोनहत श्याम कुमार आण्डिल रहे।

### डिवाइडर के रैलिंग से टकराई बाइक, एक ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** चलगली थाना अंतर्गत ग्राम केशोपुर निवासी मनूसाय आ. राम सुरत (18 वर्ष) बुधवार को गांव के ही राजकुमार के साथ बाइक से भैसामुंडा गए थे। रात को दोनों वापस लौटने लगे और जैसे ही ग्राम सरहरी मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों घायल हो गए। परिजन घायलों को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मनूसाय की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### झांसा देकर दुष्कर्म गर्भवती होने के बाद विवाह करने से इंकार

**वाड्रफनगर।** युवती को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करने और गर्भवती होने के बाद भी शादी करने से मना करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। युवती ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि त्रिकुंडा था अंतर्गत ग्राम पलगी निवासी 23 वर्षीय वीर साय आ. रूपचंद गोंड वर्ष 2021 से उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर रहा है। इस दौरान युवती गर्भवती हो गई जिसके बाद 30 अप्रैल 2029 को उसका प्रसव हुआ जिसमे मृत बच्चा पैदा हुआ लेकिन अब युवक शादी करने से इंकार कर रहा है। ऐसे में युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामले में आरोपी वीरसाय गोंड को बीएनएस की धारा 69 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### भारी बारिश एवं जमाव से संग्रहित धान में अंकुरण होने एवं सड़ने की संभावना

# मार्कफेड के दो संग्रहण केंद्रों में खुले आसमान के नीचे 6 महीनों से पड़ा है करोड़ों का धान

हरिभूमि न्यूज >> अम्बिकापुर

लगातार बारिश के बीच मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में खुले आसमान के नीचे पड़े करोड़ों के धान के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है तथा धान के खराब होने की संभावना बढ़ गई है। नीलामी में संग्रहण केंद्र में संग्रहित धान की खरीदी करने वाले व्यवसायी भी धान का उठाव नहीं कर रहे है।

**खास बात**

- नीलामी में हुई 15486 टन धान की बिक्री, शेष बचे 60 हजार टन की मिलिंग करने जारी किया जा रहा डीओ

गत वित्तीय वर्ष में धान खरीदी के दौरान सहकारी समितियों में बफर लिमिट से अधिक धान जमा होने एवं प्रशासनिक दबाव के बावजूद मिलरों द्वारा उठाव में रूचि नहीं लेने पर विपणन संघ ने परिवहनकर्ताओं के माध्यम से जनवरी में धान का उठाव करना प्रारंभ कर दिया था। विपणन संघ जिलेभर के उपार्जन केंद्रों में जाम धान को लगातार अम्बिकापुर एवं सीतापुर स्थित खुले मैदान में बने संग्रहण केंद्र में धान का भण्डारण कराता रहा। बाद में उच्च स्तरीय वार्ता के बाद राइस मिलरों ने धान का उठाव प्रारंभ किया। राइस मिलरों द्वारा धान का उठाव करने के दौरान भी विपणन संघ समिति में जमा धान का उठाव कराता रहा। सरगुजा की राशन जरूरतों से काफी अधिक धान की खरीदी होने के कारण सहकारी समितियों में आए दिन जाम धान को लेकर हो रहे विवाद से तो मुक्ति मिल गई लेकिन संग्रहण केंद्रों में जमा धान पिछले छह महीनों से यथावत खुले आसमान के नीचे पड़ा है। विभाग के अधिकारी धान के कैप कवर से ढका होने का हवाला देकर उसे पूरी तरह सुरक्षित होने का दावा कर रहे हैं लेकिन हाल में हुई भारी बारिश एवं जल जमाव ने शहर सहित पूरे संभागभर में भारी तबाही मचाई है। लगातार बारिश के दौरान पक्के घरों में भी सीड़न की समस्या शुरू हो गई थी ऐसे प्लास्टिक कैप कवर के नीचे रखे धान के सुरक्षित होने के दावे को क्षेत्रवासी झूठा बता रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भीषण गर्मी एवं मई से हो रही बारिश की नमी से संग्रहित धान की गुणवत्ता प्रभावित होने एवं हाल में हुई भारी बारिश एवं जल जमाव से संग्रहित धान में अंकुरण एवं सड़ने की समस्या हो रही है। यही कारण है कि नीलामी में धान की खरीदी करने व्यवसायी एवं डीओ हासिल करने वाले मिलर धान का उठाव करने से परहेज कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी संग्रहित धान का उठाव नहीं होने के पीछे लगातार हो रही बारिश को कारण बता रहे हैं।



सग्रहण केन्द्र में खेले आसमान के नीचे रखे धान।

### खरीदी 31 रूपए विक्रय 19 रूपए

शासन द्वारा पिछले साल किसानों का धान 3100 रूपए क्विंटल एवं प्रति एकड़ 20 क्विंटल की दर से खरीदा गया था। अत्यधिक खरीदी होने के कारण लम्बे समय तक धान संग्रहक केंद्र में पड़ा रहा। अंत में शासन ने इसकी नीलामी करने का निर्णय लिया। नीलामी में व्यापारियों ने संग्रहण केंद्रो में जमा मोटे एवं महीन धान को 19 रूपए से लेकर 20.50 रूपए की दर से खरीदा। नीलामी में ही संग्रहण केंद्रों में जमा संपूर्ण धान के खरीददार नहीं मिले तथा 60000 मिट्रिक टन धान बचा रह गया। अब विभाग ने संग्रहण केंद्रों में शेष 60 हजार मिट्रिक टन का मिलिंग कराने मिलरों को डीओ जारी कर रहा है। भरी बरसात में धान की मिलिंग में अनेक असुविधाएं होने के कारण मिलर धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। शहर से सटे ग्राम चिखलाडीह स्थित संग्रहण केंद्र में 28014 टन एवं सीतापुर स्थित संग्रहण केंद्र में 29726 कुल 57730 टन धान पिछले 6 महीने से खुले आसमान के नीचे पड़ा है। इसमें से नीलामी में 15486 मिट्रिक टन धान की बिक्री हो गई है जबकि शेष बचे धान की मिलिंग कराने का निर्णय लिया गया है। अधिकारी मिलरों को शेष बचे धान का डीओ जारी करने का भी दावा कर रहे हैं। संग्रहण केंद्र में पड़े धान की कीमत 178 हजार करोड़ से अधिक बताई जा रही है। नीलामी के बाद कुछ व्यापारियों ने धान का उठाव भी किया लेकिन पिछले 20 दिनों से व्यापारी भी धान नहीं उठा रहे है। हाल में हुई वर्षा के दौरान लगातार तीन दिनों तक जलजमाव होने के कारण संग्रहित धान से अंकुरित होने एवं सड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### किए हैं सुरक्षा के इंतजाम

संग्रहण केंद्रों में भंडारित धान की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं तथा धान कैप कवर में रखा गया है। खेतों में जल जमाव नहीं होता इसलिए धान के खराब होने की संभावना नहीं है। शेष बचे 60 हजार टन धान का डीओ मिलरों को जारी कर दिया गया

-अरूण कुमार विश्वकर्मा
प्रबंधक, मार्कफेड

# घर वापसी अभियान तेज होगा जल्द बड़ा कार्यक्रमः जूदेव



हरिभूमि न्यूज >> केदमा

धर्म रक्षक अखिल भारतीय घर वापसी अभियान छत्तीसगढ़ के प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव रामगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय दिलीप सिंह जूदेव ने भटके हुए हिंदुओं की घर वापसी की शुरुआत की थी। उन्होंने ऐसे समय में यह काम शुरू किया, जब लोग खुद को हिंदू कहने से डरते थे। उन्होंने लाखों लोगों की घर वापसी कराई। मैं भी इस कार्य के लिए समर्पित हूं। किसी को धर्मांतरण नहीं करने देना है।

श्री जूदेव ने कहा कि राष्ट्रीय निर्माण अभियान में भटके हुए सनातनियों की घर वापसी के लिए काम कर रहे हैं। जगह-जगह धर्मांतरण हो रहा है। सेवा और चंगाई सभा के नाम पर देवी-देवताओं का अपमान हो रहा है। हमारे शरीर में बहता रक्त सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित है। धर्म की रक्षा करेंगे, तभी धर्म हमारी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि एक भी हिंदू धर्मांतरित होता है, तो वह देश का एक शत्रु बनता है। क्षेत्र में मिशनरी ईसाइयों द्वारा की जा मनसूबे को रोक लगाना आवश्यक है। जल्द ही क्षेत्र में एक बड़ा घर वापसी का अभियान कराया जाएगा।

इस दौरान विनीत गुप्ता, राम प्रसाद गुप्ता, देवनारायण यादव, सुदर्शन अग्रवाल, रामा शंकर मिश्रा, हरिओम सोनी, यतेंद्र पांडेय, सुरेंद्र साहू, सौरभ अग्रवाल, कन्हाई राम बंजारा, शुभम भदोरिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### अवैध चर्च और धर्मांतरण पर रोक लगाने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

लखनपुर के अरगोती गांव में शासकीय भूमि पर बने चर्च को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्र के हिंदुओं ने धर्म रक्षक प्रबल प्रताप सिंह जूदेव के नेतृत्व में एसडीएम बन सिंह नेताम को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने कहा कि सरकारी जमीन पर अवैध रूप से चर्च बनाया गया है। इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए। एसडीएम ने जांच कर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## सखी सेंटर ने भटकती हुई महिला को मिलाया उसके परिवार से

सूरजपुर। सखी सेंटर को 5 जुलाई को महिला हेल्प लाइन नम्बर से जानकारी दी गई कि जयनगर बाजारपारा रेलवे ट्रैक के पास में 3-4 दिन से एक लगभग 28 वर्षीय महिला जो कि मराठी भाषा बोल रही है वह भटक रही है। जानकारी होते ही सखी द्वारा संबंधित थाने से सहयोग प्राप्त कर पीड़िता को रेस्क्यू कर सुरक्षा की दृष्टि से आश्रय हेतु सखी सेंटर में लाया गया। महिला के मराठी भाषा में बातचीत करने के कारण भाषा संबंधी समस्या आ रही थी जिस पर मराठी भाषा जानकार व्यक्ति से महिला की बातचीत कराने पर वह अपना नाम मंगल फकिरा होलपादे, ग्राम-धनगारवाडी, पोस्ट पलसी, जिला-हिंगोली (महाराष्ट्र), की रहने वाली बताई। सखी सेंटर द्वारा पीड़िता के बताए गए पता के संबंध में संबंधित थाना व सखी वन स्टॉप सेंटर हिंगोली से संपर्क किया गया एवं व्हॉटसअप व सोशल नेटवर्क के माध्यम से पीड़ित महिला के परिवार की तलाश की गई। आज पीड़ित महिला के परिवारज का पता लगा।

# फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2025 के लिए बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को राज्य शासन द्वारा कोरिया जिले में अधिकृत बीमा प्रदाता नियुक्त किया गया है। इस योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी कृषकों से अपील की गई है कि वे प्राकृतिक आपदाओं, कीट व रोग आक्रमण एवं फसल कटाई उपरांत होने वाले संभावित नुकसान से अपनी फसलों को सुरक्षित करने के लिए बीमा अवश्य कराएं। कोरिया जिले के लिए अधिसूचित फसलों में धान (सिंचित व असिंचित), उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटकी, मक्का, तुअर (अरहर), रागी एवं सोयाबीन शामिल हैं। इन फसलों के लिए किसानों को बीमांकित राशि का केवल दो प्रतिशत कृषक अंश प्रीमियम के रूप में जमा करना होगा, शेष प्रीमियम राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

### फसल बीमा कैसे कराएं

ऋणी कृषक संबंधित सहकारी समिति या बैंक शाखा में सहमति पत्र भरकर बीमा करा सकते हैं। वहीं अऋणी कृषक नजदीकी सीएससी (ग्राहक सेवा केन्द्र) में पहुंच कर बीमा करा सकते हैं, इसके अलावा फसल बीमा मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं बीमा कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे समय-सीमा के भीतर फसल बीमा कराकर प्राकृतिक जोखिमों से अपनी मेहनत की फसल को सुरक्षित करें। विस्तृत जानकारी के लिए किसान टोल फ्री नंबर 14447, नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा अथवा अपने क्षेत्रीय कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

# फरार आरोपी को उड़नदस्ता की टीम ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को चकमा देकर फरार हुए नशीले इंजेक्शन के मुख्य कारोबारी आरोपी को आज उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। टीम ने आरोपी के पास से बड़ी मात्रा में नशीले इंजेक्शन बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार गत दिन क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना मणिपुर अंतर्गत सुंदरपुर वेयर हाउस के पास नशीली इंजेक्शन का मुख्य डीलर देवेंद्र सिंह अपने साथी गंगाराम के साथ कार में भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर ग्राहकों को सप्लाई करने इंतजार कर रहा है। सूचना पर आबकारी उड़नदस्ता टीम सुंदरपुर वेयर हाउस के पास दबिश दी। जैसे ही उड़नदस्ता की टीम पहुंची तभी एक व्यक्ति कार से निकल कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जबकि टीम ने एक व्यक्ति पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम गंगाराम बताया। साथ ही गंगाराम ने टीम को बताया कि फरार व्यक्ति देवेंद्र सिंह था और उसकी कार है। टीम ने कार की तलाशी ली तो कार से 2413 नग इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 (C) के तहत गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। साथ ही आरोपी देवेंद्र सिंह की तलाश शुरू कर दी है। आज मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी देवेंद्र सिंह साडबार के पास अपनी बाइक से नशीले इंजेक्शन के खपाने जा रहा है।



## पृष्ठ 1 का शेष

### बाइक चोरी का...

रूपए है, बरामद कर ली है।

आए दिन हो रही हैं वाहन चोरी की घटनाएं

गौरतलब है कि चरचा क्षेत्र में लगातार वाहन चोरी की घटनाएं सामने आ रही है, इससे पूर्व स्टांप कॉलोनी में एसईसीएल कर्मचारी सुनील बर्गीश की बाइक घर की बाउंड्री से चोरी हो गई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जनता का कहना है कि पुलिस कुछ मामलों का खुलासा कर अपनी पीठ थपथपा लेती है, लेकिन वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बनी हुई है, ऐसे में पुलिस को गश्त बढ़ाने, सक्रिय निगरानी और जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे, सहायक उप निरीक्षक बालकृष्ण राजवाड़े, आरक्षक अजय राजवाड़े, सैनिक सतीश सिंह, सैनिक विकास सिंह शामिल रहे।

### लक्ष्य तय कर...

स्वागत किया। इस अवसर पर गेड़ी नृत्य करते हुए छात्रो ने अतिथियों को मंच तक लाया। अतिथियों के स्वागत में विद्यालय के छात्राओं के द्वारा गीत गाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करे हुए जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने सोनहत क्षेत्र के बोर्ड के विद्यार्थियों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सोनहत क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मुकाम को हासिल किया, बोर्ड के नतीजे में क्षेत्र के विद्यार्थियों को जिले को गौरवान्वित कर प्रदेश स्तर पर जगह बनाई। इस अवसरपर अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बताते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में अनुशासन की नींव विद्यार्थी जीवन से ही सीखने को मिलता है, इसलिए अनुशासन में रहकर शिक्षकों का सम्मान करना सीखे और पढ़ाई मन लगाकर करे। लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करने से जो बनने को सोचेंगे वह बन ही जाएंगे। मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका सिंह ने बच्चों को एक मेंढक की कहानी विस्तार से बताते हुए प्रेरणा देने की कोशिश की गई। गुरू पूर्णिमा के दिन आयोजित कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें अपने गुरूओं का सम्मान करना चाहिए। माता-पिता का भी सम्मान करने की बात कहते हुए आगामी शिक्षक दिवस पर फिर मिलने की बात कही। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों के द्वारा संबोधित किया गया। मुख्य्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को मिष्ठान खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया। वहीं हायर सेकेंडरी के छात्राओं को सायकल वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को विद्यालय परिवार के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आभार प्रदर्शन पश्चात कार्यक्रम की घोषणा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सोनहत जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा सोनपाकर, सोनहत जनपद उपाध्यक्ष संदीप जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष राम प्रताप मरावी, सुंदरपुर सरपंच द्वारिका प्रसाद, लटमा सरपंच सीताराम, रावतसरई सरपंच नान साय सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, एसडीएम सोनहत राकेश साहू, जनपद सीईओ विमला, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह सहित संकुल सुंदरपुर ए व बी के सभी विद्यालयों के शिक्षकों के अलावा विकासखंड के अन्य जगहों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, विभिन्न विद्यालयों के बच्चे तथा ग्रामीणजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। एक पेड़ मां के नाम रोपे पौधे- शाला प्रवेशोत्सव में शामिल अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम लगाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती रेणुका सिंह ने अपनी मां के नाम पौधरोपण करने के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मां के नाम पर पौधरोपण किया, इसके अलावा अन्य अतिथियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। पौधरोपण स्थल पर सेल्फी जोन भी बनाया गया था , जहां पर अतिथियों के द्वारा पौधे के साथ तस्वीर लिए। उत्कृष्ट कार्य पर मिला सम्मान- शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, इसके अलावा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देने वाले ग्रुप को दो-दो हजार रूपए नगद पुरस्कार मुख्य अतिथि ने प्रदान कर उनका हौसला अफजाई किया। वहीं इस अवसर पर विभिन्न उत्कृष्ट कार्य पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड अंतर्गत कई अन्य विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### संयुक्त टीम ने खाद-बीज दुकानों में दी दबिश

**लखनपुर।** अमानक धान बीज की बिक्री से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की शिकायत के बाद जिला प्रशासन व कृषि विभाग ने अपनी जांच शुरू कर दी है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशन के बाद संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न खाद बीज दुकानों से धान बीज के सैंपल लिए गए है और उनके स्टॉक की जांच की गई। क्षेत्र में खरीफ सीजन में किसानों ने ब्रांडेड कंपनियों के धान बीज लेकर खेती के लिए खेतों में थरहा लगाया था लेकिन किसानों को धोखा मिला। अमानक और नकली धान बीज के कारण किसानों का उत्पादन प्रभावित हुआ है और खेत में थरहा नहीं लगा। ऐसे में किसान चिंतित है। हैरानी की बात तो यह है कि जब किसानों ने दुकान में जाकर इसकी शिकायत की तो संचालकों ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड लिया। इतना ही नहीं संचालक किसानों को ख़रीदे गए खाद बीज का बिल भी प्रदान नहीं कर रहे है।

## चिंतन शिविर में गूंजे जनहित के मुद्दे

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश में आयोजित चिंतन शिविर के दौरान प्रवक्ता आशीष डबरे ने जनता से जुड़े अनेक अहम मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव सरकार को सत्ता में आए करीब 18 महीने हो चुके हैं, ऐसे में अब समय आ गया है कि जमीनी समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए। प्रवक्ता श्री डबरे ने किसान, आदिवासी, व्यापारी, शिक्षा क्षेत्र और पंचायत सचिवों से जुड़े पांच प्रमुख मुद्दों को सामने रखते हुए सरकार से इन पर तत्काल निर्णय लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि किसान खाद-बीज की कमी से परेशान हैं, सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज समय पर मिले, ताकि वे अपनी फसल की तैयारी ठीक से कर सकें। आदिवासी समुदाय की आजीविका जंगलों पर निर्भर है, लेकिन तेजी से हो रही वनों की कटाई चिंता का विषय है। सरकार को जंगलों को संरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। स्वामी आत्मानंद स्कूलों की गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए, ताकि गरीब और ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलती रहे। इन स्कूलों की निगरानी और संसाधनों की आपूर्ति नियमित होनी चाहिए। प्रदेश के व्यापारी अनावश्यक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, उनके हितों की सुरक्षा के लिए राज्य शासन को सख्त निर्देश जारी करने चाहिए। पंचायत सचिवों की वर्षों से लंबित नियमितीकरण की मांग को पूरा किया जाए, जिससे वे स्थायित्व के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। श्री डबरे ने कहा कि इन सभी जनहित से जुड़े बिंदुओं को सरकार चिंतन शिविर में शामिल कर ठोस और सकारात्मक निर्णय ले, ताकि जनता को राहत मिल सके।

- प्रवक्ता आशीष ने सरकार से की ठोस पहल की मांग

## अधिवक्ता से हुई ऑन लाइन ठगी, दो वर्ष के बाद पुलिस ने अपराध किया दर्ज

**बिश्रामपुर।** कई जागरूकता अभियान चलाने बावजूद ऑनलाइन ठगी के मामलों ने कमी नहीं आ रही है, अब तो अधिवक्ता भी इसके शिकार हो जा रहे हैं,नगर पंचायत शिवनंदनपुर निवासी जिला एवं सत्र न्यायालय सूरजपुर के अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद यादव को उनके मोबाइल में कॉल कर अज्ञात ठग ने बिजली बिल अपडेट करने की बात कहकर उनसे अलग अलग किश्तों में 51 हजार से अधिक रकम की ऑनलाइन ठगी कर ली।

दो वर्ष पुराने हुए मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात आरोपी ठग के खिलाफ धारा 420 आईपीसी व 66 घ आईटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामला दो वर्ष पहले का है। बिश्रामपुर थाना में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में शिवनंदनपुर निवासी अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद यादव पिता शिवबहादुर यादव ने बताया कि दिनांक 30 मई 2023 को उनके मोबाइल नंबर में अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर उन्हें बिजली बिल को अपडेट करने का झांसा दिया।







